हिन्दुस्तान

# यूपी: लखनऊ, नोएडा व गाजियाबाद समेत 15 शहरों में बनेंगे निजी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल पार्क

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर राज्य को इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए 15 शहरों में निजी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। सीएम कार्यालय के सूत्रों ने रविवार को बताया।



उत्तर प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर राज्य को इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए 15 शहरों में निजी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने रविवार को बताया कि प्रदेश में 'प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क' (पीआईपी) बनाने के लिए चिन्हित जिलों में योजना का खाका तैयार कर लिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की अनुमति से इसके लिए लखनऊ, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, औरैया, हमीरपुर, जालौन, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आजमगढ़, अंबेडकर नगर, गोरखपुर और प्रयागराज जिले चिन्हित कर लिए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडीसी) के सहयोग से इंडस्ट्रियल पार्क के लिए पीआईपी को बढ़ावा दिया जायेगा। इस कड़ी में प्रदेश के पहले पीआईपी के लिए उन्नाव में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे जमीन चिन्हित की गई है। यूपीएसआईडीसी के सूत्रों ने बताया कि इस योजना के प्रारंभिक चरण में पीआईपी के दायरे में आने वाले उद्योगों को भी सूचीबद्ध कर लिया गया है। इनमें वस्त्र उद्योग (टेक्सटाइल), रेडीमेड कपड़े, खाद्य प्रसंस्करण, इत्र, पीतल उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के उद्योग शामिल हैं।